संक्षिप्त

तीन दिवसीय शिविर सम्पन्न

टोंक, (निसं)। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक के राजयोग भवन में स्वच्छ एवं स्वस्थ परिवार में माताओं की भूमिका विषय पर तीन दिवसीय महिला सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। तीन दिनों में माताओं ने ज्ञान, ध्यान (राजयोग), सेवा के साथ-साथ शारीरिक व्यायाम और कई प्रकार की प्रतियोगिता का लाभ लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि व्यक्ति की पहली शिक्षक उसकी मां होती है जो उसमें श्रेष्ठ संस्कारों का बीजारोपण करती है। परिवार व समाज में अच्छा वातावरण तैयार करने में माताओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ब्रह्माकुमारी संस्थान की दीदियां निरंतर महिलाओं में आध्यात्मिक जागृति लाने का श्रेष्ठ कार्य कर रही है। ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र टोंक प्रभारी बीके अपर्णा दीदी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण द्वारा समाज परिवर्तन से स्वर्णिम भारत का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा सुखी पारिवारिक जीवन के लिए महिलाओ को नैतिक और चरित्रिक मूल्य जीवन में धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा वर्तमान समय महिलाओं को शिव शक्ति बनकर हर समस्या का समाधान करना चाहिए तथा एक दूसरे को इमोशनल सपोर्ट करना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने किया। इस अवसर पर अंजली गुप्ता सहित अनेक माताओं ने शिविर के अनुभव साझा किया।

श्याम बाबा की शोभायात्रा निकाली

नारायणपुर (निसं)। ग्राम पंचायत कोलाहेडा के ग्राम जोधपुरा में सरकारी स्कूल के पास मंगलवार को श्री श्याम बाल कृष्ण मंडल के तत्वाधान में आयोजित 18वाँ खाटूश्याम संकीर्तन महोत्सव से पूर्व श्याम बाबा की शोभायात्रा व झांकी निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान अलवर से गोलू सुदामा की आकर्षक झांकी शाम 4 बजे भगतपुरा मोहल्ले में स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से कस्बे के मुख्य मार्ग से बजरंग बलि, शंकर भगवान, राधा-कृष्ण सहित श्याम बाबा की आकर्षक झांकी निकाली गई । कलाकारों द्वारा झांकी में शिव तांडव सहित विभिन्न स्वांग किए गए । वही मुख्य बाजार में दिखाई गई आकर्षक झांकी व नृत्य को लोग अपने में मोबाईल फ़ोन में कैद करते दिखाई दिए। बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के लिए हैंड कांस्टेबल विनोद के सानिध्य में पुलिस प्रशासन झांकी के साथ तैनात रहा। इस मौके पर अध्यक्ष कैलाश चन्द यादव, संचालक गिर्राज प्रसाद , युवा नेता राकेश, भूपेन्द्र , मुखराम, लालाराम, अर्जुन , चेतन, कालूराम, सुल्तान, कानाराम, गुलाब सहित बडी संख्या में श्याम भक्त मौजूद थे।

मांगों का ज्ञापन आज देंगे

श्रीमाधोपुर, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला नीमकाथाना द्वारा शिक्षकों की छह सूत्री मांगों को लेकर 15 मई बुधवार को दोपहर दो बजे जिला कलेक्टर नीमकाथाना को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर जिला अध्यक्ष और जिला मंत्री के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला मंत्री गोकुल कुमार जांगिड ने बताया कि इस अवसर पर जिला नीमकाथाना के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था देखी, लाइन लीकेज पर लगाई फटकार

खैरथल, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने जल अभियंत्रिक विभाग के अधिकारियों के साथ खैरथल नगर परिषद के वार्डों का व भोजपुर गांव का औचक दौरा कर शहरी व ग्रामीण जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पहुंचने वाली पेयजल व्यवस्था को देखा और लाइन लीकेज मिलने पर व गांव भोजपुरी में मोटर के जलने की शिकायत मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए त्वरित लीकेज व जली मोटर को ठीक करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव सहित अभियंता मौजूद रहे।

खैरथल वाल्मीकि बस्ती में पेयजल सप्लाई की स्थिति को देखने के लिए पहुंची जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला को बस्ती की लाइन का वाल्व लीकेज मिला। इसी प्रकार पार्षद के मकान के पास लाइन से पानी लीकेज होता मिलने पर अभियंताओं को फटकार लगाते हुए लीकेज को तुरंत ठीक कराने के निर्देश देते हुए सभी वार्ड में लाइन चेक करने के लिए कहा। इस दौरान जिला कलेक्टर ने वार्ड के लोगों से पानी की आपूर्ति के समय अंतराल व प्रेशर आदि की जानकारी ली और अधिकारियों को मौके पर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता को लापरवाही सामने आने पर निर्देशित किया।

रेलवे के 92 नंबर फाटक के नलकूप में पानी कम होने की शिकायत पर जिला कलेक्टर ने अधीक्षण अभियंता को टैंकर भेजकर पानी की आपूर्ति कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने हरसोली रोड स्थित नलकूपों का निरीक्षण किया। इसके बाद जिला कलेक्टर गांव भोजपुर में जल जीवन मिशन योजना का निरीक्षण करने पहुंची। ग्राम वासियों ने जिला कलेक्टर को बताया कि गांव में जल जीवन मिशन के तहत

- वार्ड के लोगों से पेयजलापूर्ति के समय अंतराल व प्रेशर आदि की जानकारी ली

100 कनेक्शन जलदाय विभाग की ओर से दिए जा चुके है। संचालन ग्राम वासियों द्वारा जन सहयोग से किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को बताया कि वर्तमान में मोटर जल गई है। ग्राम वासियों द्वारा ही सही कराया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए कहा जिससे जल्द से जल्द ग्रामीणों की समस्या का समाधान हो सके। इस दौरान जिला कलेक्टर ने आमजन से पानी को व्यर्थ बहने से रोकने व सडक पर छिडकाव कर पानी की बर्बादी को रोकने में सहयोग करने के लिए अपील की।

महिला के शव की हुई शिनाख्त

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के गोपालपुरा रोड स्थित ग्राम खरकडी मार्ग पर निर्माणाधीन खेल स्टेडियम के पास बबूल की झाडियों में सोमवार को अज्ञात महिला का शव मिलने के बाद मंगलवार को पुलिस की कडी मशक्कत के बाद मृतका के शव की शिनाख्त हो पाई। पुलिस के अनुसार मृतका खैरथल-तिजारा जिले की निवासी है। जो विगत दो-ढाई वर्षो से गोपालपुरा रोड स्थित हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में अपने साथी के साथ किराये पर रह रही थी। इस सम्बंध में मृतका के पिता मनफूल बावरिया ने कोटपूतली थाने में नामजद हत्या का मामला भी दर्ज करवाया है। पुलिस में दर्ज करवाई एफआईआर के मुताबिक मृतका अलवर निवासी दिलीप बावरिया के साथ दो-ढाई वर्षो से रह रही थी। मृतका के पिता को शक है कि दिलीप बावरिया ने ही अपने साथियों के साथ उसकी पुत्री की हत्या कर शव झाडियों में फेंक दिया। हत्या किस उद्धेश्य से की गई एवं इस घटना में कितने लोग शामिल थे। इस बात का खुलासा नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस ने हत्यारों की तलाश मे जुटी है।

पालिका अध्यक्ष ने परिंडे बांध सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर नगर पालिका लालसोट की अध्यक्ष पिंकी चतुर्वेदी द्वारा मंगलवार को सामूहिक रूप से परिंडे लगाकर इस तेज भीषण गर्मी में बेजुबान परिंदों को बजाने के लिए आमजन को संकल्प दिलाया गया। परिंडे लगाओ पक्षी बचाओ कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान पालिका अध्यक्ष पिंकी चतुर्वेदी ने ऐसे सामाजिक सरोकारों में लगे संस्थान एवं लोगों को आगे आने की अपील की जो इन बेजुबान जानवरों को इस तेज भीषण गर्मी से बचने का कार्य कर सके।

नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा इस परिंडे लगाओ परिंदे बचाओ अभियान को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में जहां एक और मनुष्य ही व्याकुल है तो बाहर स्वच्छंद घूमने वाले उन बेजुबान पक्षियों एवं प्राणियों की

नगर पालिका अध्यक्ष पिंकी चतुर्वेदी ने परिंडे बांधकर परिंदे बचाओ अभियान की शुरुआत की गई।

हालत क्या होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। नगर पालिका अध्यक्ष चतुर्वेदी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में सभी व्यक्ति को आवश्यकता है कि वह मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक व्यक्ति एक परिंदा अवश्य लगाएं। ताकि उसमें नियमित पानी भरने से पानी की

- सामाजिक सरोकार से जुड़े संस्थानों को आगे आने का किया आव्हान

उपलब्धता के कारण मासूम बेजुबान जानवरों को भीषण गर्मी की चपेट में आने से पानी के अभाव में बेजुबान पक्षियों की असामयिक होने वाली मौत को रोका जा सके। अध्यक्ष चतुर्वेदी ने कहा कि पक्षी हमारे जीवन चक्र का एक अभिन्न हिस्सा है। प्रकृति के जीवन चक्र को पूरी तरह संपादित करने के सहित पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए बेजुबान पक्षी प्राणियों का भी अभूतपूर्व योगदान है। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवी सोनू बिनोरी सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं अन्य सामाजिक संगठनों से जुडे लोग मौजूद रहे।

सीबीएसई बोर्ड में सारांश राजावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

निवाई, (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई का केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय परिवार द्वारा परीक्षा में अव्वल रहने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

प्रधानाचार्य कुम्भाराम चौधरी ने बताया कि कक्षा 10 वीं के सारांश

- प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

राजावत ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार तनुष्का खंगार ने 90.80 प्रतिशत, सारा अंजुम ने 89 प्रतिशत, पलकांश खटाना ने 88.80 प्रतिशत और विकास वर्मा ने 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले 8 वर्षों से लगातार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं कक्षा का छात्र अंकित अजमेरा ने 93.60 प्रतिशत अंक और आलोक जाट ने 93.20 प्रतिशत अंक

स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया।

प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर सारांश राजावत के पिता सोभाग सिंह, माता सीमा सिंह, व्याख्याता विनोदकुमार शर्मा, योगेशकुमार शर्मा, ललितकुमार बेनीवाल, विकास गुर्जर, डॉ कमलसिंह गुर्जर, जीशान अहमद, कुंती शर्मा, हनुमानप्रसाद गुर्जर, मदनमोहन मीणा, सुनीता गुर्जर, सुदेश बाई, सोनू सोनी, पूजा चंदेला, दिव्यानी शर्मा, अमितकुमार शर्मा, मनप्रीत मीना व निकलेश सैन सहित कई अभिभावक मौजूद थे। इसी प्रकार राजकीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की छात्रा आभा मीणा ने भी सीबीएससी परीक्षा में 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। जिस पर प्रधानाचार्य रामचरण मीणा सहित सभी शिक्षकों ने छात्रा व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए छात्रा आभा मीणा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

सीएमएचओ ने चिकित्सा संस्थानों का किया निरीक्षण

कोटपूतली, (निसं)। कोटपूतली-बहरोड सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने मंगलवार को विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर लू तापघात एवं मौसमी बीमारियों को देखते हुये अस्पतालों में मरीजों के लिये आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिये। जिला नोडल अधिकारी रविकान्त जॉगिड ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएमएचओ ने पीएचसी बडनग़र व बागावास सहित उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। सीएमएचओ ने गर्मी के मौसम को देखते हुये वार्ड में कूलर, पंखे, चिकित्सा संस्थान पर पेयजल की व्यवस्था समेत मरीजों को आवश्यकतानुसार सुविधायें उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। लू-तापघात के मरीजों की आकस्मिक परिस्थितियों को देखते हुये संस्थानों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु फ्लूड, रिर्जव बैड, आइवी सैट, स्टैण्ड एवं अन्य आवश्यक दवाइयां व जांच की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। जिला नोडल अधिकारी रविकान्त जॉगिड ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा अधिक

- गर्मी के मौसम में मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखने के दिये निर्देश
- ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की ली बैठक

से अधिक ब्लड स्ला ड कलेक्शन करने के निर्देश दिये। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर चिकित्सा संस्थान पर उपस्थित होने एवं निर्धारित विभागीय गणवेश में रहने के निर्देश दिये। वहीं सीएमएचओ डॉ. शेखावत द्वारा सीएमएचओ कार्यालय में सभी ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर चिकित्सा संस्थानों पर पानी व बिजली की पूर्ण व्यवस्था करने, संस्थान पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों का मुख्यालय पर ठहराव सुनिश्चित करने, ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के फिल्ड में विजिट करने एवं संस्थान पर आवश्यक सुधार करवाये जाने के निर्देश भी दिये।

सार-समाचार

तहसीलदार ने सीएचसी का निरीक्षण किया

पावटा, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत दांतिल सीएचसी में मंगलवार को पावटा तहसीलदार प्रवीण सैनी के अचानक पहुंचने पर चिकित्सालय में अफरा तफरी मच गई। उन्होंने वहां वार्ड में भर्ती मरीजों से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। तहसीलदार प्रवीण सैनी द्वारा निरीक्षण करने पर साफ सफाई एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा गया। तहसीलदार प्रवीण सैनी ने कहाँ कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं दी जा रही सुविधाओं का मरीजों को लाभ दिया जाए। निरीक्षण करने पहुंचे तहसीलदार प्रवीण सैनी को देख कर सभी चिकित्सक अपने अपने कमरों में व जिमेदारी से काम करते हुए मिले। तहसीलदार प्रवीण सैनी ने साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक चिकित्सक अनुपस्थित और एक चिकित्सक अवकाश पर होना पाया गया। वही ओपीडी मे मरीजों की अधिक संया को देखते हुए अस्पताल मे डॉक्टरो की हर समय उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वही निरीक्षण के दौरान ओपीडी, वार्डो, लेबर रूम, और परिसर की जांच की गयी। जांच के दौरान चिकित्सा प्रभारी को अस्पताल मे नियमित साफ सफाई करने, संस्थागत प्रसव मे बढोतरी, नियमित पर्यवेक्षण और अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शेखावाटी विश्वविद्यालय ने जीता मैच

श्रीमाधोपुर, (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर ने अखिल भारतीय सॉफ्टबॉल पुरुष प्रतियोगिता के दूसरे दिन अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखा। टीम के कोच बनवारी लाल जीतरवाल ने बताया कि दूसरे मैच में जूनागढ गुजरात की टीम को एक तरफ अंदाज में 4-0 से हराया। विश्वविद्यालय के पीचर गणेश सैनी ने एक बार फिर से जबरदस्त पीचिंग करवाई और एक भी स्कोर विपक्षी टीम का बनने नहीं दिया। अब विश्वविद्यालय का तीसरे दौर में बेंगलुरु सिटी विश्वविद्यालय के साथ मुकाबला बुधवार सुबह 15 मई को होगा।

परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

फुलेरा, (निसं)। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। जिसमें पीएम केन्द्रीय विद्यालय फुलेरा की कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत एवं कक्षा 10 का परिणाम 97.1प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि विद्यालय की छात्रा कुमारी अर्शिया शयोराण ने 95प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही है। छात्र वेदान्त पालीवाल ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तो वहीं छात्रा कुमारी प्रियंका ने 92.2प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि विज्ञान वर्ग में अभिनव कुमावत, भूपेन्द्र वर्मा, उम्मे हबीबा तीनों ने 91.6 प्रतिशत अंक अर्जित विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं कक्षा 10 के विद्यार्थी निर्भय कुमावत ने 93 प्रतिश अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा तिनिषा नागू ने 92.2प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और छात्रा तनिष्का जैन ने 91.6 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में में विद्यालय के प्रधानाचार्य यादव ने बताया कि विद्यालय परिवार की ओर से उपरोक्त सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा में श्रेष्ठ अंक अर्जित कर विद्यालय व अपने माता पिता सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके चलते सभी को बधाईयां प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। वहीं दूसरी ओर प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह यादव ने श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग हेतु सभी का आभार व्यक्त किया है।

विकास अधिकारी ने निरीक्षण किया

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र की बरोल ग्राम पंचायत मे ग्रेवल सडक निर्माण में भारी अनियमित्ता व धांधली की मिली शिकायत पर मंगलवार को पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने बरोल पंचायत में स्वीकृत व चालू कार्यो का औचक निरीक्षण किया जिसमे बिना ग्रवेल सडक निर्माण के ही राजकोष से 15 लाख रूपये का भुगतान उठाने जैसी भारी अनियमिताऐं सामने आई। विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने बताया कि बरोल पंचायत मे ग्रेवल सडक निर्माण के लिये पंचायत को स्वीकृति जारी की गई थी। जिसमे अनियमित्ता की मिली शिकायत पर औचक निरीक्षण किया गया तो बरोल से आवडा की और ग्रेवल सडक निर्माण कार्य के लिये पिछले नो दिनो से श्रमिकों की ऑनलाईन उपस्थिति किया जाना सामने आया। जबकि मौके पर ग्रेवल सडक के नाम पर मशीनों से नाममात्र का वर्क कर मामले मे लीपापोथी करते हुये कागजों में ही ग्रेवल सडक का निर्माण कर अब तक 15 लाख रूपये का भुगतान कर दिया गया। अन्य कार्यो पर ऑनलाईन मस्टरोल तो जारी किया गया लेकिन मौके पर कोई मस्टरोल तथा मेट व श्रमिक नही पाये गये। विकास अधिकारी ने भारी अनियमित्ता के चलते पंचायत से सम्पूर्ण पत्रावलियां जांच के लिये मालपुरा पंचायत समिति भिजवाने के लिये ग्राम पंचायत बरोल को तीन दिन का नोटिस जारी किया गया।

बीसीएमओ ने जनाना अस्पताल एवं पीएचसी का किया निरीक्षण

कोटपूतली, (निसं)। बीसीएमओ डॉ. पूरणचन्द गुर्जर ने मंगलवार को राजकीय सरदार जनाना अस्पताल एवं पीएचसी बसई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीएचसी बसई पर कर्मचारी दोपहर 01.54 बजे अनुपस्थित मिले। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। राजकीय सरदार जनाना अस्पताल में वैक्सीन डिपो में रिकॉर्ड संधारण की जांच की गई साथ ही वैक्सीन रिकॉर्ड हैण्डलर्स को नियमित रूप से तापमान रिकॉर्ड में संधारण करने के निर्देश दिये गये।

चिकित्सक के अवकाश पर होने के कारण स्वयं बीसीएमओ ने ओपीडी में मरीजों को उपचार प्रदान किया। समस्त स्टॉफ को निर्धारित गणवेश में समय पर उपस्थित होकर ग्रामीणों व आमजन को बेहतर चिकित्सा सेवायें उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। शहरी क्षेत्र के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवकाश के दिनों को छोडकऱ शेष दिनों

- अनुपस्थित मिले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

में वार्डो में कार्ययोजना बनाकर शक्ति दिवस, टीकाकरण दिवस, मौसमी बीमारियों के कार्य को प्रात: 8 से 2 बजे तक सम्पादित करें। कोई भी एएनएम ओपीडी या संस्था पर हस्ताक्षर के उपरान्त अपने-अपने कर्तव्य पर जायें साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुये वार्डो में कूलर, पंखे की व्यवस्था करने एवं इनको साफ-सुथरा रखने के निर्देश प्रदान किये तथा चिकित्सा संस्थान पर पेयजल की व्यवस्था, लू-तापघात को देखते हुये आवश्यक दवाईयां रखने के निर्देश प्रदान किये गये। प्रत्येक मंगलवार को चिकित्सालयों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया जाता है जिसकी बीसीएमओ द्वारा समीक्षा की गई।

भीषण सड़क दुर्घटना के तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

बौंली-बामनवास, (निसं)। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर 5 मई को हुई भीषण सड़क दुर्घटना के तीन आरोपियों को बौंली थाने पुलिस की गठित टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों को बौंली पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

बौंली सर्किल इंस्पेक्टर अवतार सिंह ने बताया कि इस मामले को लेकर मृतक कार चालक कैलाश चौधरी के भाई उम्मेद सिंह जाट निवासी सीकर ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया था जिसमें केन्ट्रा पिकअप चालक राजेश मीणा निवासी बडागांव व केन्ट्रा का मालिक इंदराज माली व सहयोगी वीरसिंह माली निवासी डिडवाडी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां तीनों

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे के आरोपी को जेल भेजा।

को न्यायिक अभिरक्षा मे भेज दिया। यह केन्ट्रा पिकअप अवैध बजरी परिवहन में शामिल था एवं एक्सप्रेसवे पर बने अस्थाई बजरी स्टॉक से बजरी भरने जा रहा था। चालक ने यह नहीं देखा कि पीछे से भी कोई वाहन आ रहा है और टर्न ले लिया। इस कारण कार में सवार होकर रणथंबोर गणेश जी के दर्शन करने को जा रहे सीकर निवासी मनीष उनकी पत्नी अनीता सतीश व उनकी पत्नी पूनम एवं उनकी बहन संतोष शर्मा व कार चालक कैलाश चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई एवं मनीष शर्मा की 6 वर्षीय पुत्री दीपाली व10 वर्षीय पुत्र मनन शर्मा को गंभीर रूप से घायल होने पर जयपुर रैफर किया गया था जिसका जयपुर में उपचार चल रहा है। सडक दुर्घटना के बाद आरोपी केन्ट्रा पिकअप चालक राजेश मीणा मौके से वाहन को लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शान्तिभंग के आरोप में पांच गिरफ्तार

मनोहरपुर, (निसं)। थाना इलाके के खोरा लाडखानी गांव में एक व्यक्ति को सोमवार को उलाहना देना उसे समय महंगा पड गया। जब बाइक सवार के परिजनों ने लाठी सरियों से उसे पर हमला कर दिया।

पुलिस ने उक्त मामले में दोनों पक्षों के 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि खोरा लाडखानी निवासी युसूफ खान पुत्र गुलजारी ने मामला दर्ज करवाया कि वह 13 मई को शाम 7:00 बजे घर पर बैठा था इसी दौरान इकरामुद्दीन उर्फ बल्या का लड़का दिलशाद घर के सामने तेज गति और लापरवाही पूर्वक गाड़ी चला रहा था। जिसको उलाहना दिया तो कुछ देर बाद उसके परिजन गाड़ी गाड़ी में बढ़कर आए और रोड लोहे के शरीर डंडे निकाल कर युसूफ और बाबू खान को गाली निकालते हुए जान से करने के लिए से हमला कर दिया बीच बचाव के लिए जब यूसुफ के घर वाले आए तो उन्होंने उनके साथ भी मारपीट की जिससे यूसुफ के सिर और हाथ में गंभीर चोट आई तथा चाचा बाबू खा के भी सर में हाथ पांव में गंभीर चोट आई जिन्हें गंभीर हालत में जयपुर एसएमएस भर्ती कराया गया। वहीं दूसरे पक्ष के रमजान शाह पुत्र बदरुद्दीन शाह ने मामला दर्ज कराया की उसके व उसके परिवार वालों के साथ युसूफ खान पुत्र गुलजारी वगैरा ने एक राय होकर मारपीट की।